हरित झाँसी

झाँसी नगर निगम,झाँसी।

(5)

स्वच्छ झाँसी

अमृत सरोवर महोत्सव के अन्तर्गत "बिजौली तालाब" का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने हेतु परामर्शी सेवाओं हेतु प्रस्ताव आंमत्रण सूचना (अति अल्पकालिक)

नगर निगम, झाँसी के पैनलबद्ध वास्तुविदों से अमृत सरोवर महोत्सव के अन्तर्गत "बिजौली तालाब" का सौन्दर्यीकरण का कार्य के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराये जाने के सम्बन्ध में स्थानीय विस्तृत सुविधायें, जल – क्षेत्र का सुधार, रेलिंग एवं सीवर एवं नालों के ट्रीटमेन्ट आदि सम्बन्धी परामर्शी सेवाओं हेतु (परामर्शी दर सहित (प्रतिशत में)) सीलबन्द प्रस्ताव नगर निगम, झाँसी कार्यालय में दिनांक 18.07.2022 से 20.07.2022 के अपरान्ह 4.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। उक्त कार्य हेतु प्री–मीटिंग दिनांक 15.07.2022 को प्रातः 11.00 बजे नगर निगम कार्यालय में आहूत की जायेगी। उक्त प्री–मीटिंग में प्रतिभाग एवं प्रेजेन्टेशन के उपरान्त ही पैनलबद्ध वास्तुविदों द्वारा आमंत्रण सूचना में प्रतिभाग किया जायेगा। नगर निगम में उक्त से सम्बन्धित विवरण किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। समान प्रकृति का अनुभव होना अनिवार्य है।

मुख्य अभियन्ता

नगर आयुक्त

पत्रांक :–571/जनकार्य वि0/न0नि0/2022–23 दिनांक :–12जुलाई 07/,2022

प्रतिलिपि :–

1. विज्ञापन व्यवस्थापक अमर उजाला/टाइम्स ऑफ इण्डिया LKO दैनिक समाचार पत्र, झाँसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त अंकित निविदा सूचना प्राप्ति दिनांक को या अगले दिनांक की अपने समाचार पत्र के झाँसी संस्करण के मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में तथा 08 के फॉन्ट में एक बार के लिए प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियों के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
2. सदस्य, निविदा समिति, नगर निगम,झाँसी को इस आशय से उक्त तिथि में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।
3. नाजिर/प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम,झाँसी को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त निविदा सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. पी0ए0, नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
5. आई0टी0एक्सपर्ट,नगर निगम,झाँसी को बेवसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम,झाँसी।

Scanned with CamScanner